आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने 12वीं प्रतिभाशाली छात्रों को लैपटॉप के लिए 25 हजार रूपये की राशि का किया अंतरणं
- अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, मुख्यमंत्री युवाओं से करेंगे संवादं
- प्रदेश में मंडला, डिण्डोरी, टीकमगढ़ में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, जबलपुर–अमरकंटक मार्ग हुआ बंदं
- गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में दो दिवसीय उत्सव का होगा आयोजनं

## लैपटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास की धुरी है और 'सबको शिक्षा' ही राज्य सरकार का विकास मंत्र है। मुख्यमंत्री आज भोपाल में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले 94,234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपये बैंक खातों में हस्तांतरित किये गये। मुख्यमंत्री ने अगले साल से प्रोत्साहन राशि के स्थान पर 25 हजार रुपए मूल्य के और अधिक गुणवत्ता वाले अपडेटेड लैपटॉप देने की घोषणा की।

इसके साथ ही जिला स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रतलाम जिले के 1207 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि मिली। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिवपुरी में मानस भवन में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के 2,956 मेधावी छात्र-छात्राओं को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## मुख्यमंत्री-अनूपपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अनूपपुर जिले के कोतमा में अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत आयोजित "हितग्राही सम्मेलन" में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. यादव ने जिले में JEE एवं NEET की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के लिए 84 शासकीय स्कूलों में निःशुल्क स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने सिंगरौली जिले में 503 करोड़ रूपये से अधिक लागत के 54 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ले कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से जो भी पात्र परिवार अभी वंचित है उन्हें जल्द ही आवास दिये जायेगे।

सहकारिता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर कल सहकारी युवा संवाद को संबोधित करेंगे। भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग भी संबोधित करेंगे। अतिथियों एवं युवाओं के मध्य समावेशी एवं संवहनीय विकास में सहकारिता की भूमिका विषयक संवाद होगा। इस दौरान राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार हस्तशिल्प विभाग के सीएचसीडीएस स्कीम के हस्तशिल्प प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण भी होगा। राज्य सहकारी संघ एवं अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा इस संयुक्त आयोजन में विषय विशेषज्ञों द्वारा सहकारिता की अवधारणा एवं विकास, सहकारिताओं के प्रकार, सहकारिता की वैधानिक पृष्ठभूमि, सहकारी सेक्टर में स्वरोजगार की संभावनाएं और "सहकार से समृद्धि" योजना का विवरण एवं प्रगति के बारे में जानकारी दी जायेगी।

रिजिजू - हज आवेदन

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार एक सप्ताह में वर्ष 2026 के लिए हज आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी। आज नई दिल्ली में हज समीक्षा बैठक के बाद श्री रिजिजू ने सभी आवेदकों से फॉर्म भर कर समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने का अनुरोध किया।

जनसुनवाई

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर एवं आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने आज प्रदेश की पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित 32 जातियों को मध्यप्रदेश राज्य की केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने के लिए भोपाल में जनसुनवाई की। जिसमें इन जातियों के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में सम्मिलित होने के लिये अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

अमरनाथ यात्रा

कश्मीर के पहलगाम और बालताल से अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। कल से शुरु हुई इस 38 दिवसीय यात्रा के दोनों मार्गों से कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच श्रद्धालु बड़े सवेरे ही जाने शुरू हो गए। पेश है एक रिर्पोर्ट-

मौसम

प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई जगहों पर नदी नाले उफान पर आ गए हैं। मंडला में नदी-नालों में बाढ़ आ गई है। जबलपुर-मंडला मार्ग पर भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गया है। जिले में

एसडीआरएफ की टीम ने माधवपुर से कई लोगों सुरक्षित निकाला है। टीकमगढ़ में करीब 6 इंच बारिश हो चुकी है जिससे कई इलाकों में जल भराव हो गया है। गुना] बालाघाट] उमरिया] कटनी में भी कल देर रात से बारिश जारी है। डिण्डोरी में भारी बारिश से नर्मदा का जलस्तर काफी बढ़ गया है। यहां पिछले 24 घंटों में 7 इंच बारिश हुई है। सिवनी नदी में बाढ़ आने से जबलपुर-अमरकंटक मार्ग बंद हो गया है। डिण्डोरी एसडीएम भारती मेरावी ने बताया बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने सिवनी] मंडला] बालाघाट के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही उमरिया] जबलपुर सहित 15 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक प्रदेश में भारी बारिश के आसार जताएं हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से आज बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राज्यों में पर्याप्त संख्या में एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और भी अतिरिक्त बल भेजे जाएंगे। उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

गुरु पूर्णिमा

प्रदेश के सभी विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में लोक शिक्षण आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता भी होगी। 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में माँ सरस्वती पूजन और गुरू वंदना की जायेगी।

सीयूईटी-परिणाम

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-सीयूईटी 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों

में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

## समाचार संक्षेप में

- महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2025 को वाउ अवार्ड एशिया 2025 द्वारा एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं
- बैतूल जिले में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने बस दुर्घटना के घायलों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव बेहतर उपचार दिलाने का भरोसा दिलायां
- उमरिया जिले में साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे के जनरल मैनेजर वी तरुण प्रकाश ने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिएं
- नीमच कलेक्टार हिमांशु चंदा ने 30 जून से 1 अक्टूबर 2025 तक जिले की नदियों, नालों से रेत खनन कार्य पूर्णत प्रतिबंधित किया हैं